# विभागीय सामाजिक गतिविधियाँ

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र विभाग में सामाजिक गतिविधी के अन्तरगत समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए विभाग के स्नात्तकोत्तर व एन.सी.सी. के छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अन्तरगत रायपुर नाका के आस–पास की बस्ती में जाकर छात्र–छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया और उन्हें जागरूक करने के लिए नारें लगाये गये।छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तरगत सिकल सेल की जानकारी भी दी गई तथा इस रोग के विषय पर लोगों से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य की अनुमति से डॉ सपना शर्मा सारास्वत के संचालन मे यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जगरूकता रैली में विभाग से 32 विद्यार्थी शामिल हुए इस जागरूकता रैली में विवाह से पूर्व सिकल सेल कुण्डली का मिलान करना चाहिए, जिससे कि उनका परिवार स्वास्थ्य हो, और उनकी आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ्य हों। प्राचार्य महोदय द्वारा इस कार्यक्रम की प्रशंसा कि गई , जिसमें उन्होनें बताया कि नशा शरीर का नाश करती हैं, जिससे समाज को भी बहुत क्षति होती हैं, इसके लिए समाज को जागरूक बनाने की आवश्यकता हैं।




